
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

जयंती विशेष

26 दिसम्बर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

मातृभूमि के खातिर मुझे मौत से बड़ा सम्मान क्या दिया जा सकता है।

**उधम सिंह**

**( क्रांतिकारी )**

जन्म: 26 दिसम्बर 1899 मृत्यु: 31 जुलाई 1940



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*


# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 26 दिसम्बर

T h u r s d a y

1. **राजनैतिक दलों की स्थापना–** 26 दिसम्बर, 1925 ई. को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना कानपुर में की गई थी। इस पार्टी की स्थापना एम.एन. राय ने किया था। इस पार्टी का चुनाव चिन्ह 'हँसिया और बाली' है, जो इस बात का प्रतीक है कि यह किसानों की पार्टी है। ओड़िसा की प्रमुख राजनीतिक पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) की स्थापना भी 26 दिसम्बर, 1997ई. को ही हुई थी। बीजद की स्थापना वरिष्ठ राजनेता बीजू पटनायक के पुत्र नवीन पटनायक ने किया था। इस पार्टी का चुनाव चिन्ह शंख है।
2. **तारक मेहता का जन्म–** आपने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सीरियल्स का नाम तो जरूर सुना होगा। तारक मेहता का जन्म 26 दिसम्बर, 1929 ई. को अहमदाबाद, गुजरात में हुआ था। वे गुजराती भाषा में हास्य कहानी के प्रसिद्ध लेखक थे। उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में 'दुनिया का ओंधा चश्मा', 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' आदि प्रमुख है।



# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

26 दिसंबर

## मधु प्रिया

# तारक मेहता का जन्म 26 दिसंबर



तारक मेहता का जन्म 26 दिसंबर 1929 को अहमदाबाद, गुजरात में हुआ था। तारक मेहता भारतीय लेखक थे। उन्होंने कई प्रकार के हास्य कहानी आदि का गुजराती में अनुवाद भी किया था। तारक मेहता का साप्ताहिक लेख पहली बार मार्च 1971 में 'चित्रलेखा' नामक एक साप्ताहिक अखबार में आया था। वह "दुनिया ने उंधा चश्मा" नमक गुजराती भाषा में एक लेख लिखने के कारण जाने जाते हैं। 2008 में असित कुमार मोदी ने इस कहानी पर "तारक मेहता का उल्टा चश्मा" धारावाहिक बनाया जो सब टीवी पर प्रसारित होता है। तारक मेहता को 2015 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तारक मेहता 1958 में गुजराती नाट्य मंडल से जुड़े। 1959 से 1960 में वे दैनिक प्रजातंत्र में डिप्टी एडिटर थे। हालांकि उन्होंने लंबे समय तक अखबार में काम नहीं किया और कुछ समय बाद सूचना और प्रसारण विभाग से जुड़ गए थे। 1960 से 1986 तक तारक मेहता भारत सरकार के सूचना और प्रसारण विभाग में कंटेंट राइटर रहे और बाद में वहीं पर अधिकारी बन गए।

/teachersofbihar




**उधम सिंह** (26 दिसम्बर 1899 – 31 जुलाई 1940) भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के महान सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। उन्होंने जलियांवाला बाग कांड के समय पंजाब के गर्वनर जनरल रहे माइकल ओ' ड्वायर को लन्दन में जाकर गोली मारी थी। कई इतिहासकारों का मानना है कि यह हत्याकाण्ड ओ' ड्वायर व अन्य ब्रिटिश अधिकारियों का एक सुनियोजित षड्यंत्र था, जो पंजाब प्रांत पर नियन्त्रण बनाने के लिये किया गया था।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 26.12.2024



## वीर बाल दिवस

यह दिवस साहिबजादे बाबा ज़ोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित है। वजीर खान ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। आज उसी स्थान को फतेहगढ़ साहिब के नाम से जाना जाता है। यह दिवस देश के वीर और साहसी इतिहास को सच्ची श्रद्धांजलि है। हमारे युवाओं को अपने इतिहास से प्रेरणा लेकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना चाहिए।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**जैसलमेर किला** (Jaisalmer Fort) दुनिया का एक ऐसा अनोखा **किला** है जिसमें शहर की लगभग **25% आबादी** ने अपने घर बना रखे हैं।

# TOB
## खेल कॉर्नर
राकेश कुमार

# ताइक्वांडो

ताइक्वांडो 206 देशों में प्रचलित एक पारंपरिक कोरियाई मार्शल आर्ट है। जिसमें शारीरिक रूप से लड़ने की कला से कहीं ज्यादा सीखने को मिलता है।




## ताइक्वांडो के नियम

- सभी मैच में दो-दो मिनट के तीन राउंड होते हैं और हर राउंड के बीच एक मिनट का ब्रेक होता है।
- प्रत्येक प्रतियोगी का उद्देश्य अपने प्रतिद्वंद्वी के धड़ या सिर पर घूंसे और लात मारकर अंक हासिल करना या नॉकआउट से जीत हासिल करना होता है।
- घूंसा, सीधे पंचिंग तकनीक के माध्यम से एक कसकर बंधी हुई मुट्ठी के अगले भाग का इस्तेमाल कर मारा जाना चाहिए।
- किक को तभी मान्य माना जाता है जब वे टखने की हड्डी के नीचे पैर के किसी भी हिस्से के इस्तेमाल से मारी जाती है।

## प्रमुख आक्रामक चालें

**हवाई किक:** मानक किक से अधिक कठिन लेकिन अधिक अंक अर्जित करता है



**स्किप किक:** हवा में रहते हुए पैर की अदला-बदली की गई



**एक्स किक:** एड़ी सिर या कॉलरबोन पर गिरती है



**घूमता हुआ हुक:** प्रतिद्वंद्वी को डराने के लिए कठिन किक का प्रयोग किया जाता है



## ताइक्वांडो और ओलंपिक

2000 के सिडनी ओलंपिक खेलों में एक आधिकारिक मेडल खेल के तौर पर ओलंपिक में शामिल हुआ।

# TOB बूझो तो जानें..



467

ऐसी कौन – सी जगह है, जहाँ पर सड़क है पर गाड़ी नहीं, जंगल है पर पेड़ नहीं और शहर है पर घर नहीं .... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत माता के निर्भीक
सपूत अमर शहीद
उधम सिंह
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
26 दिसम्बर 1899 – 31 जुलाई 1940
www. teachersofbihar.org
Madhu priya

26 दिसंबर



महान क्रांतिकारी

# सरदार उधम सिंह

की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari